Disha Hindi & English Classes

(RUN & MANAGED BY – SANJAY KUMAR'S EDUCATIONAL CLASSES PVT.

For :- Class – 12th (Bihar Board)

Grammar

Yuvraj Sir

अंग्रेजी (English)

Subject – Verb Agreement

COURSE FEATURES

- Live Class
- Recorded Class
- Class Pdf
- Doubt Class
- PDF Notes
- Model Paper
- Guess Question Paper
- Question Bank

App:- https://youtube.com/@dishahindienglish

YouTube:- https://play.google.com/store/apps/details?id=co.dishaonlineclasses

Subject – Verb Agreement

I. Subject – Verb Agreement

(A verb must be agree with its subject in number and person.)

Syntax का अर्थ होता है- Sentence Structure । प्रत्येक भाषा में Subject और Verb में आपसी अनुरूपता होती है। जिसे Subject- Verb Agreement कहते हैं।

Syntax के दो मुख्य अंग होते हैं-

1. Concord / Agreement: वाक्य के Person, Number और Gender तथा Tense का सामंजस्य किन नियमों पर आधारित होता है, इसका अध्ययन concord अथवा agreement कहलाता है।

2. Order : Word order अर्थात् Sentence के शब्दों को किस क्रम में रखा जाता है। इस Chapter को पढ़ने से पहले निम्नलिखित जानकारी अवश्य ध्यान में रखें।

सभी verbs मूल रूप में plural होती हैं। खास परिस्थितियों में उन्हें singular बनाया जाता है;

जैसे-

go : यह plural रूप में है।
goes : यह go का singular रूप है।
have : यह plural रूप में है।
has : यह have का singular रूप है।

II. RULES: SUBJECT - VERB AGREEMENT

Subject-Verb Agreement निम्नलिखित नियमों पर आधारित है-

1. यदि दो singular nouns 'and' से जुड़कर एक ही व्यक्ति / वस्तु का बोध कराएं तो verb singular होती है; **जैसे-**

(a) The S.D.M. and magistrate is on tour.
(b) The philosopher and poet is coming.

2. किंतु ऐसे दो nouns से यदि दो विभिन्न चीज़ों का बोध हो, तो verb plural होती है;

जैसे-

(a) The S.D.M. and the magistrate are on tour.
(b) The philosopher and the poet are coming.

(magistrate और poet के आगे article 'the' लगने से वाक्य में दो व्यक्तियों का बोध होता है।)

3. Parcel Subject की verb हमेशा singular होती है;

जैसे-

(a) Bread and butter is a rich food.
(b) The crown and glory of life is character.
(c) Horse and carriage is waiting at gate.
(d) Pen and ink is required for me.

Parcel Subjects:

(i) ऐसी singular nouns जो and से जुड़ी हों और प्रयोग में बराबर एक साथ आएं Parcel Subjects कहलाती हैं।

कुछ ऐसी nouns इस प्रकार से हैं-

bread and butter, crown and glory, hammer and sickle, horse and carriage, pen and ink, rice and curry etc.

4. इसी प्रकार यदि दो subjects मिलकर एक ही विचार का बोध कराएं तो singular verb का प्रयोग होता है;

जैसे -

(a) Slow and study wins the race.
(b) Name and fame is desired by everyone.

यह बात ध्यान रखने योग्य है कि यदि and से जुड़े हुए दोनों subjects एक ही 'idea' को दर्शा रहे हैं, तो singular verb का ही प्रयोग होगा

5. यदि दो या दो से अधिक Singular Nouns 'either – or', 'neither – nor', 'or' अथवा 'nor' से जुड़ी हों, तो verb singular होती है;

जैसे- (a) Neither you nor I am willing to do it

(b) Neither you nor he is making a noise.

(c) Ram or Shyam is at fault.

(d) Neither he nor I am wrong.

6. यदि दो या दो से अधिक Nouns भिन्न-भिन्न Number की हों, तो plural number वाले noun को वाक्य के अंत में रखना चाहिए और इसके साथ plural verb का ही प्रयोग करना चाहिए;

जैसे-

(a) Either Ram or his sisters have/has stolen the purse.

(b) Neither the President nor the members were/was present in the meeting.

(c) Neither the son nor his parents is/are to blame.

(d) Neither the teacher nor the students is/are going to the camp.

7. यदि वाक्य का subject 'each of, either of, neither of' अथवा 'one of' हो, तो verb singular होती है;

जैसे-

(a) Each of the mangoes is/are ripe.

(b) Is/are either of your sisters working?

(c) Each of them has/have gone.

(d) Neither of the two views is/are good.

(e) One of them was/were lame of one leg of, a series of, a set of, a team of etc.

8. (i) यदि किसी वाक्य के Subject (Subject = numerical adjective + plural noun) से एक निश्चित राशि, रकम, परिमाण, दूरी, वजन, ऊँचाई और नाप - तौल आदि का बोध हो, तो उसके साथ हमेशा singular verb का प्रयोग होता है;

जैसे-

(a) Two thousand rupees is/are a handsome amount.

(b) Ten tons of coal is/are enough for me.

(c) Ten miles is/are a long way to walk.

(d) Five rupees is/are equal to five hundred paisa.

9. (i) ये सभी singular nouns हैं, इनके साथ singular verb लगती है;

जैसे- Economics, mathematics, physics, politics, statistics ऐसी Nouns से यदि 'विषय' के नाम की जानकारी मिलती हो, तो इन्हें singular मानें;

जैसे- (a)Mathematics is/are an interesting subject.

(b) Economics is/are not taught well.

(ii) कुछ खेल और बीमारी के नाम क्रमशः - billiards और measles आदि 'singular nouns' होते हैं अतः इनके साथ singular verb ही लगती है;

जैसे - (a) Billiards is/are a game.

(b) The measles is/are a contagious disease.

(iii) 'News और summons', singular noun है, अतः इनके साथ singular verb आती है;

जैसे-

(a) No news is/are a good news.

(b) Is/Are there any news?

(v) Innings को singular माना जाता था परंतु अब इस नियम में परिवर्तन हो गया है, अब इसका प्रयोग दोनों ही वचनों में होता है;

जैसे -

(a) Several innings were spoiled due to rain.

(b) First innings was over at 2 p.m.

10. यदि दो singular nouns 'and' से जुड़ी हों, किंतु उनके पहले each, every आदि का प्रयोग हो, तो verb singular होती है।
इस बात का ध्यान रखें कि 'each, every' के साथ हमेशा singular verb आती है;

जैसे-

(a) Each boy and girl was/were invited.

(b) Every man and woman has/have done the work.

11. निम्नलिखित nouns 'plural' का अर्थ प्रकट करते हैं, अतः इनके साथ plural verb का ही प्रयोग किया जाता है; Dozen, hundred, million, cattle, people, score, thousand, gentry(शरीफ), police, peasantry(किसान), company, alphabet, progeny(संतान), offspring(वंश), clergy(पादरि), infantry(पैदल सेना) etc.

जैसे-

(a) The cattle is/are grazing in the field.

(b) The people was/were rushing out of the hall.

12. Not only-but also के द्वारा दो Subjects जुड़े हों, तो verb अंतिम Subject के अनुसार लगती है;

जैसे- (a) Not only she but also her friends is/are in trouble.

(b) Not only the boys but also the class teacher was/were playing the match.

13. यदि दो nouns या pronouns-along with, as well as, besides, controlled by, governed by, guided by, headed by, in addition to, led by, like, together with, unlike और with से जुड़े हों, तो verb पहले noun या pronoun के अनुसार होती है;

जैसे- (a) You as well as your sister was/were in the wrong.

(b) He along with his friends is/are coming.

13. यदि adjective का प्रयोग Noun की तरह हो और उससे बहुत से व्यक्तियों का बोध हो, तो वाक्य का Subject होने पर उसके साथ plural verb का प्रयोग होता है;

जैसे - The poor, The rich, The disabled, The Old, The English, The French ये सभी एक पूरे वर्ग को व्यक्त करते हैं, अतः इनके साथ plural verb लगती है;

जैसे-

(a) The honest are poor.

(b) The poor are unhappy.

14. (i) Singular subject के साथ singular verb, Plural subject के साथ plural verb लगती है;

जैसे -

(a) I am/are a schoolboy.

(b) We is/are schoolboys.

(c) He is a schoolboy.
(d) They are schoolboys.
(ii) जब दो या दो से अधिक Singular Subjects 'and' से जुड़े हों-

A. यदि दो singular nouns 'and' से जुड़े हों, तो 'verb' plural होती है;

जैसे-

(a) A book and a pen have been bought.
(b) Are your uncle and aunty at home?

B. यदि दो pronouns 'and' से जुड़े हों, तो 'verb' plural होती है;

जैसे-

(a) I and he are guilty.
(b) You and he have disturbed me.

C. यदि Singular Nouns 'and' से जोड़ी गई हों और उनमें से एक के पहले भी no का प्रयोग हो, तो 'verb' singular होती है;

जैसे-

(a) No boy and girl was present there.
(b) No table and chair was there.

18. Hair का प्रयोग हमेशा Singular रूप में होता है परंतु विशेष अर्थ में इसको plural मानकर plural verb का प्रयोग किया जाता है;

जैसे-

(a) Your hair is black; mine is brown.
(b) There are only five brown hairs on his head.

19. All के साथ singular व plural दोनों प्रकार की verb का प्रयोग किया जा सकता है;

जैसे-

(a) All is well.
(b) All are well.

20. A great deal of, all, all of, enough, lots of (= a lot of), most, most of, plenty of, some, some of के बाद noun यदि countable हो, तो वह noun plural होती है और इसके साथ verb भी plural ही लगती है;

जैसे-

(a) Lots of players were there.
(b) Most of them are very poor.
(c) Most of the persons are dishonest.
(d) Some animals are faithful.

किंतु यदि उनके बाद noun uncountable हो, तो वह noun singular होती है और verb भी singular ही होती है;

जैसे-

(a) Some money is needed.
(b) Lots of milk is available.
(c) Most of the milk was impure.
(d) Most of the salt was wet with water.

21. Half of, one - third of, two-thirds of, three-fourths of आदि के बाद noun यदि countable हो, तो वह noun plural होती है और verb भी plural होती है;

जैसे-

(a) Half of the hotels are closed today.
(b) Half of the mangoes are good.

परंतु इनके बाद यदि noun uncountable हो, तो वह 'noun' singular होती है और verb भी singular होती है;

जैसे-

(a) Two-thirds of the land has been ploughed.
(b) Half of the mango is good.

22. There और It के साथ verb का प्रयोग -
There के साथ verb का प्रयोग there के बाद वाली noun के number और person पर निर्भर करता है;

जैसे-

(a) There was a king.
(b) There were two kings.

ध्यान रखें - ऐसे वाक्यों में subject 'there' नहीं होता है ।किंतु it के साथ verb हमेशा singular लगती है क्योंकि 'it' third person का एकवचन Pronoun है;

जैसे-

(a) It is these boys that came today.
(b) It is they.

23. निम्नलिखित Nouns का प्रयोग, केवल Singular में ही किया जाता है।
Advice, furniture, fruit, luggage, information, iron, knowledge, poetry, polish, scenery, stationery, stone, traffic, work etc. इनके साथ singular verb ही लगती है।

जैसे-

(a) Knowledge is power.
(b) Work is worship

24. निम्नलिखित Nouns के साथ plural verbs का ही प्रयोग होता है-
scissors, pants, trousers, shoes, scales, spectacles etc. इस प्रकार की nouns 'inseparable nouns' (अभिन्न संज्ञाएं) plural होती हैं

जैसे-

(a) These scissors are sharp.
(b) Her shoes are new.
(c) His pants are tight.
(d) My spectacles are beautiful.

परंतु इनके पहले a pair of हो, तो ये singular verb लेती हैं;

जैसे -

(a) A pair of scissors has been sterilized.
(b) A pair of shoes is purchased.

25. यदि निम्नलिखित nouns 'singular' रूप में प्रयोग हों, तो singular verb लेती हैं और यदि 'plural' रूप में प्रयोग हों, तो plural verb लेती हैं। याद रखें- ये दोनों ही वचनों में प्रयोग होती हैं और इनका रूप दोनों ही वचनों में समान रहता है। ये nouns हैं-

Deer, fish, sheep, swine, pice etc.

इनके साथ verb वाक्य के प्रसंग अनुसार लगाई जाती है;

जैसे -

(a) A sheep is very docile animal.
(b) Many sheep are grazing in the field.

26. A number of अथवा a large number of के बाद noun plural और verb भी plural होती है;

जैसे-

(a) A number of girls have passed.
(b) A number of boys are absent.

किंतु the number of के बाद 'noun' plural और 'verb' singular होती है;

जैसे-

(a) The number of the buses is increasing.
(b) The number of girls is decreasing.

27. None और Any के साथ singular व plural दोनों प्रकार की verb का प्रयोग किया जा सकता है ।

ex -

(a) None has/ have gone away yet.
(b) None of them has/ have come back yet.
(c) Dol Does any of them know ?
(d) None was / were injured.

28. यदि who, which तथा that का प्रयोग relative pronoun के रूप में हो, तो इनके बाद प्रयोग होने वाली verb इनके antecedent के number और person पर निर्भर करती है। Antecedent उस Noun/ Pronoun को कहते हैं जो Relative Pronoun के पहले आता है;

जैसे-

(a) I, who am a teacher, teach here.
(b) The students who are here do not do well.

One of वाले वाक्यों में of के बाद वाले Noun/ Pronoun को ही Antecedent मानें;

जैसे-

(a) He is one of those who do not accept this view.
(b) She is one of those who do not attend the meeting.

29. यदि वाक्य का subject 'anybody, anyone, anything, everybody, everyone, everything, no one, no-body, nothing, somebody, someone' और 'something' हो, तो 'verb' singular होती है;

जैसे -

(a) Everybody knows that the earth is round.
(b) Everybody among your friends likes playing.

END !